भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 22.03.2023

आरेडिका का हॉकी स्टेडियम बना रानीज गर्ल्स हॉकी टर्फ

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में बने हॉकी स्टेडियम का नाम टोक्यो औलम्पिक 2020 के सेमीफाइनल में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की सभी महिला खिलाडियों और महिला प्रेरणा के लिए किए गए योगदान को सम्मान देने के लिए उनके नाम पर रानीज गर्ल्स हॉकी टर्फ रखा गया एवं उनको समर्पित किया गया। इस हॉकी स्टेडियम को अन्तर्राष्टीय हॉकी फेड्रेशन एफआईएच द्वारा मार्च 2021 में मान्यता प्रदान की गयी । इसका निर्माण 2019 में लगभग 5 करोड की लागत से किया गया।

इस स्टेडियम का नामकरण 80वें अखिल भारतीय रेलवे हॉकी मेन्स चैंपियनशिप 2023 के आयोजन के अवसर पर हुआ जिसमें पदम्श्री रानी रामपाल, आरेडिका के महाप्रबंधक श्री पी के मिश्रा, आरेडिका खेलकूद संघ के अध्यक्ष श्री संजय कुमार कटियार एवं आरेडिका की विशेष खेलकूद अधिकारी पदम्श्री सुधा सिंह एवं उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

आरेडिका खेलकूद संघ के अध्यक्ष श्री संजय कुमार कटियार ने बताया कि, इस स्टेडियम का निर्माण इरकॉन द्वारा वर्ल्ड क्लास लेवल के मानकों पर किया गया है, इसकी एस्ट्रोटर्फ को नीदरलैण्ड टर्फ निर्माता कम्पनी मेसर्स ग्रीनफील्ड द्वारा आयतित किया गया। जिसमें दर्शको के बैठने के लिए पवेलियन की सुविधा है जिसमें एक साथ 200–250 दर्शकगण खेल का आन्नद ले सकते हैं, टर्फ के चारों कोनों पर अण्डर ग्राउण्ड वाटर टैंक के साथ वाटर गन लगाए गये हैं,जिससे टर्फ को साफ एवं तर किया जा सके, खिलाड़ियों की सुविधा के लिए वर्ल्ड क्लास लेवल के टॉयलेट एवं चैंजिग रूम बनाए गये हैं। जो इस टर्फ के मुख्य आकर्षक हैं, इससे आरेडिका और आस पास के खिलाड़ियों में खेलों के प्रति सकारात्मक ऊर्जा का संचार एवं खेलों के प्रति आकर्षण बढेगा, और खेलों के संबंध में तकीनकी समझ का विकास होगा।

आरेडिका में चल रहे 80वें अखिल भारतीय रेलवे हॉकी मेन्स चैंपियनशिप 2023 के तीसरे दिन दो मैच खेले गये जिसमें पहला मैच मध्य रेलवे ने आरपीएफ को 32–0 गोल से हरा कर जीता वहीं दूसरा मैच उत्तर पश्चिम रेलवे और बीएलडब्लयू के बीच खेला गया जिसमें उत्तर पश्चिम रेलवे 11–02 से विजय रही।

इस अवसर पर आरेडिका के वरिष्ठ अधिकारी ,कर्मचारी आगुन्तक खिलाड़ी एवं कोचों के साथ रेलवे बोर्ड के खेलकूद अधिकारी भी उपस्थित रहे।

A Srivastava
22/03/23

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जन–संपर्क अधिकारी